अमर उजाला

चंडीगढ़ में सेक्टर-17 बस स्टैंड पर बुजुर्ग से 1.23 किलो सोना बरामद, दिल्ली सप्लाई करने जा रहा था

न्यूज डेस्क, अमर उजाला, चंडीगढ़ Updated Wed, 26 Jun 2019 09:54 AM IST

लिक्विड गोल्ड - फोटो : फाइल फोटो

चंडीगढ़ में सेक्टर-17 स्थित बस स्टैंड के पास से डीआरआई ने एक बुजुर्ग को 1.23 किलो सोने के साथ गिरफ्तार किया है। टीम ने गुप्त सूचना पर ट्रैप लगाया था। ट्रैप के दौरान डीआरआई ने सेक्टर-17 थाना पुलिस का सहयोग लिया। सोने को लिक्विड रूप में अंडरवियर, जींस व शरीर के अन्य अंगों में छिपाया गया था।

आरोपी की पहचान अमृतसर निवासी सुखदेव राज (75) के रूप में हुई है। लेकिन हैरानी कि बात है कि एयरपोर्ट पर इतनी कड़ी सुरक्षा इंतजाम के बावजूद आखिरकार आरोपी कैसे चकमा देकर यहां तक पहुंच गया। सूत्रों के अनुसार, डीआरआई टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति दुबई से मोहाली एयरपोर्ट पर सोना लेकर उतरा। लेकिन वह कड़ी सुरक्षा इंतजाम के बावजूद एयरपोर्ट से बाहर निकल गया। संदिग्ध लगने पर टीम ने उस पर कड़ी निगरानी बनाई हुई थी। डीआरआई टीम आरोपी का मोहाली से सेक्टर-17 स्थित बस स्टैंड तक उसका पीछा करती रही।

इसके बाद टीम ने सेक्टर-17 थाना पुलिस को सूचना देकर आरोपी को दबोच लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के अंडरवियर, जींस, बेल्ट समेत शरीर के अलग अलग जगह से उसके पास 1.23 किलो सोना बरामद हुआ। आरोपी शातिर तरीके से सोने को लिक्विड बनाकर छुपाया था। टीम की पूछताछ में सामने आया कि सोने को दुबई से लाकर दिल्ली सप्लाई करने जा रहा था। टीम आरोपी से पूछताछ में जुटी हुई है कि वह कब से इस तरह के काम कर रहा है।